# लापरवाही पर सख्ती : आंगनवाड़ी निरीक्षण में कई गड़बड़ियां उजागर

▸ 6 परियोजना अधिकारी, 1 सुपरवाइजर को नोटिस, 7 समूहों की राशि कटी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आंगनवाड़ी केन्द्रों के औचक निरीक्षण में कई स्तरों पर लापरवाही सामने आई है। निरीक्षण के दौरान कई केन्द्रों पर कार्यकर्ता और सहायिका अनुपस्थित मिलीं, वहीं कुछ जगह बच्चों को समय पर भोजन नहीं दिया जा रहा था। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर 6 परियोजना अधिकारियों, 1 सुपरवाइजर और 7 स्व सहायता समूहों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों की मॉनीटरिंग हेतु विकसित व्यवस्था के अंतर्गत जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ केन्द्रों पर आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका अनुपस्थित पाई गई एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा भोजन समय पर प्रदाय नही किया जा रहा था। कार्य में लापरवाही बरतने के कारण 6 परियोजना अधिकारी, 1 सुपरवायजर , 7 स्व सहायता समुह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान परियोजना रतलाम ग्रामीण -1 अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र आलनिया बंद पाया गया तथा केंद्र पर कार्यकर्ता एवं सहायिका दोनों ही अनुपस्थित थी। परियोजना रतलाम ग्रामीण -1 पर्यवेक्षक श्रीमती पिंकी खेड़े द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ता/सहायिका के कार्यो पर पर्याप्त नियंत्रण नही रखे जाने के पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया।

**मनु अनुसार नहीं दे रहे भोजन:** निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी केन्द्र झालवा (जावरा ग्रामीण), आंगनवाड़ी केंद्र नारायणी (आलोट), आंगनवाड़ी केंद्र आलनिया (रतलाम ग्रामीण-1), आंगनवाड़ी केंद्र चिखलिया( रतलाम ग्रामीण -1), आंगनवाड़ी केंद्र आली-2(बाजना), आंगनवाड़ी केन्द्र सेमलिया( रतलाम ग्रामीण-2), आंगनवाड़ी केंद्र कसेर (पिपलोदा) पर स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्धारित मेनू के अनुसार ताजा पका हुआ भोजन बच्चों को उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था। प्रभारी परियोजना अधिकरी श्रीमती भारती डांगी, परियोजना अधिकारी जावरा ग्रामीण श्रीमती अंकिता पाटीदार, प्रभारी परियोजना अधिकारी आलोट श्रीमती मोनिका शुक्ला, प्रभारी परियोजना अधिकारी रतलाम ग्रामीण -1 श्रीमती प्रियंका बैरागी, प्रभारी परियोजना अधिकारी रतलाम ग्रामीण -2 सुश्री फ़िरदौस खान, प्रभारी परियोजना अधिकारी बाजना श्रीमती एहतेशाम अंसारी द्वारा केन्द्र का संचालन नियमानुसार एवं संतोषजनाक नही होने पर कारण बताओ सूचना पर जारी किया गया।

> **अस्वच्छता, गुणवत्ता सहित अपर्याप्त मात्रा पर काटी राशि**
>
> निरीक्षण के दौरान कुछ आंगनवाड़ी केंद्रों पर हितग्राही के मान से भोजन की मात्रा अपर्याप्त थी ,साथ ही भोजन की गुणवत्ता एवं किचन में बर्तनों की स्वच्छता भी संतोषप्रद नहीं होने पर लक्ष्मी स्व सहायता समूह (अंगना केंद्र चिकलीया), गोपाल स्व सहायता समुह ( आंगनवाड़ केंद्र आलनिया), गायत्री स्व सहायता समुह ( आंगनवाड़ी केंद्र सेमलिया), विकलाग स्व सहायता समुह ( आंगनवाड़ी केंद्र नारायणी), भगोरा स्व सहायता समुह ( आंगनवाड़ी केंद्र आली - 2), महिला स्व सहायता समुह (आंगनवाड़ी केंद्र कसेर), शारदा स्व सहायता समुह ( आंगनवाड़ी केंद्र झालवा) का एक दिवस के पोषण आहार की राशि देयक अमान्य कर कटौत्रा किया गया।

# शंख-नगाड़ों की धुन में गूंजा 'जय श्रीराम'

▸ अयोध्या के नाथ श्री राम नवमी महोत्सव पर भव्यता और श्रद्धा का अद्भुत संगम



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्री अयोध्यानाथ मंदिर, गढ़ कैलाश मंदिर परिसर में राम नवमी महा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। प्रभु श्री राम का अलौकिक श्रृंगार सभी के मन में बस गया।

मध्यान्ह में ठीक 12 बजे जैसे ही भगवानश्रीराम के जन्म का मंगल प्रसंग आया सम्पूर्ण क्षेत्र शंख, नगाड़े, ढोल-ढमाकों की गूंज के साथ 'जय श्री राम' के जयघोष से गूंज उठा। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। मंगला दर्शन, मंगला आरती एवं मंगल अभिषेक के दौरान भक्तों ने भगवान श्रीराम के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। विशेष रूप से दर्शनीय श्रृंगार आरती ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें भगवान का अलौकिक श्रृंगार देखते ही बनता था। इस पावन अवसर पर मंदिर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, रामायण पाठ और विशेष पूजा-अर्चना के माध्यम से अपनी श्रद्धा व्यक्त की। पुजारियों द्वारा भगवान का अभिषेक और श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित हुए। मध्यान्ह में ठीक 12 बजे जैसे ही भगवान श्रीराम के जन्म का पावन क्षण आया, पूरे मंदिर परिसर में शंख, नगाड़े, ढोल-ढमाकों की गूंज के साथ 'जय श्री राम' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा।अमृत सागर क्षेत्र पूरी तरह से आस्था और उल्लास के रंग में सराबोर नजर आया। उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने इस पावन क्षण का उत्सवपूर्ण स्वागत किया। इसी के साथ मानस परिवार द्वारा आयोजित अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ में मानस प्रेमी शामिल हुए । मंदिर समिति द्वारा आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे दिन भजन-कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान एवं प्रसादी वितरण का सिलसिला चलता रहा। यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और सामूहिक भक्ति का भी अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता

## ▸ बाल हनुमान, स्वतंत्रता सेनानियों की झांकियां बनी आकर्षण



श्री रामनवमी महोत्सव समिति ने भगवान श्रीरामजी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन गुरुवार शाम को किया। शोभायात्रा इंद्रलोक नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से आरती पश्चात प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विशेष रूप से 100 बाल हनुमान, माता शबरी की कुटिया की झांकी, घोड़े पर सवार राज डेलन शाह, बिरसा मुंडा, टंट्या मामा एवं रानी लक्ष्मीबाई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में सजे बालक-बालिकाएं प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, गणमान्य नागरिक एवं युवा तरुणाई उत्साहपूर्वक शामिल हुए।



# परंपरा के रंग में रंगेगा समाज, गोठ में दिखेगी एकता की ताकत

▸ मारू भाम्बी समाज का सामाजिक मिलन समारोह कल

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** चैत्र नवरात्रि एवं गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर श्री मारू भाम्बी समाज उत्थान समिति द्वारा सामाजिक मिलन समारोह (गोठ) का आयोजन 29 मार्च 2026, रविवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 4 बजे से श्री हनुमान बाग पर आयोजित होगा, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

आयोजन समिति के संयोजक सोदान बामणिया एवं सहयोगी टीम के सदस्य राजू बालेचा, नरेश बावेल, जितेंद्र बारूपाल और राजेश जोहरम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में आपसी मेल-मिलाप, भाईचारा और एकता को मजबूत करना है। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मनोरंजक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

इन प्रतियोगिताओं में दौड़, चेयर रेस, डांस तथा सॉफा बांधो जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी, जिससे बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आयोजन के दौरान पारंपरिक माहौल के साथ उत्सव का उल्लास भी देखने को मिलेगा।

समिति ने समाज के सभी लोगों से सपरिवार उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के सामूहिक कार्यक्रम समाज में एकजुटता को बढ़ाते हैं और पारंपरिक मूल्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# ट्रैफिक व्यवस्था में सहयोग करने वाले 9 ट्रैफिक मित्र सम्मानित



▸ पुलिस अधीक्षक ने प्रशंसा पत्र प्रदान किए

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ट्रैफिक मित्रों को प्रोत्साहित करने हेतु एसपी अमित कुमार ने नवीन पुलिस कंट्रोल रूम पर प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

एसपी ने ट्रैफिक मित्रों द्वारा यातायात पुलिस के साथ मिलकर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने, यातायात नियमों के पालन के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा व्यस्त चौराहों पर पुलिस का सहयोग करने के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक मित्र पुलिस और आमजन के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं तथा उनकी सहभागिता से यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) आनंद सोनी भी उपस्थित रहे। उन्होंने ट्रैफिक मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शहर में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। रतलाम पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं जनसहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार की पहल निरंतर जारी रहेगी।

**इन्हें किया सम्मानित**

- नागेश्वर पिता सुखराम राठोर, नि.ग्राम बागराघाटी सैलाना
- कार्तिकेय पिता प्रकाश शर्मा, नि. सागोद रतलाम
- गुनगुन पिता रमेश पासी, नि. रतलाम
- सुनिल पिता लालजी मईड़ा,नि. रतलाम
- निलम पिता जगदीश शर्मा, नि. रतलाम
- यतिका पिता अमीत कुम्हारे,नि. रतलाम
- खुशी पिता दिनेश धनोतिया,नि. रतलाम
- शिवानी पिता सुरेश महावर,नि. रतलाम
- विशाखा पिता शेखर यादव,नि. रतलाम

**एक नजर में**

## नि : शुल्क कैंसर परीक्षण शिविर कल

**रतलाम।** सिविल सर्जन डॉ एम एस सागर ने बताया कि दिनांक 29 मार्च रविवार को निशुल्क कैंसर जांच उपचार एवं परामर्श शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय रतलाम के कक्ष क्रमांक 15 में प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा। शिविर में सीनियर कैंसर स्पेशलिस्ट डॉक्टर दिनेश पेंढ़ारकर एवं राज्य कैंसर नोडल अधिकारी डॉक्टर सी एम त्रिपाठी , जिला नोडल अधिकारी डॉ गोपाल यादव द्वारा जांच एवं उपचार, परामर्श सेवाएं प्रदान की जाएगी। शिविर में उपस्थित होकर निशुल्क जांच उपचार, परामर्श सेवाएं प्राप्त की जा सकती है।

## 2 हजार 792 बालिकाओं को लगाया एचपीवी का टीका



**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संध्या बेलसरे ने बताया कि रतलाम जिले में अब तक 2792 बालिकाओं को एचपीवी का वैक्सीनेशन किया जाकर सर्वाइकल कैंसर से प्रतिरक्षित किया गया है। शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को निशुल्क एचपीवी का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इस वैक्सीन के माध्यम से बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए प्रतिरक्षित किया जा रहा है। वैक्सीन पूरी तरह कारगर और सुरक्षित है। एचपीवी वैक्सीनेशन रतलाम जिले के मेडिकल कॉलेज, बाल चिकित्सालय , सिविल अस्पताल जावरा, सिविल हॉस्पिटल आलोट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली, सैलाना बाजना, ताल, पिपलोदा केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जा रहा है। वैक्सीनेशन की सुविधा शनिवार ,रविवार एवं अवकाश के दिनों में भी सहजता से उपलब्ध है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील ने बताया कि वैक्सीनेशन के लिए आयु के संबंध में कोई भी प्रमाण जैसे जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अंकसूची की छाया प्रति अथवा स्वयं का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना पर्याप्त है। वैक्सीनेशन के लिए यू विन पोर्टल पर ऑनलाइन प्री रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है अथवा सीधे स्वास्थ्य केंद्र पर आकर भी वैक्सीनेशन कराया जा सकता है। एच पी वी का वैक्सीन महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए सुरक्षा प्रदान करता है।

# हवन के बाद कन्या भोज का हुआ आयोजन

**जावरा।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर कन्या और महिलाओं द्वारा प्रतिदिन गरबा खेला गया। अष्टमी पर मंदिर समिति द्वारा कन्या और महिलाओं को पुरस्कार वितरण किया। हवन करने के बाद कन्या भोज आयोजित हुआ। मंदिर समिति अध्यक्ष अनिल पोखरना, उपाध्यक्ष आईपी त्रिवेदी, सचिव नितिन चावला, सह सचिव पवनसिंह खींची, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष धर्मेंद्रसिंहसिंह तोमर, त्रिलोकपाल, मांगीलाल खोईवाल, रॉकी सिंह, मनोज तनवानी, कालू चौहान सुनील पाठक जैन आदि उपस्थित थे।

# नगर में निकला भव्य चल समारोह, जगह-जगह स्वागत



**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** रामनवमी के पावन अवसर पर सूर्यवंशी कसेरा समाज बड़ी शाखा द्वारा एक भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। धार्मिक उत्साह और श्रद्धा से सराबोर इस शोभायात्रा में समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर जुलूस का जोरदार स्वागत किया। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। इस दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, पार्षद विशाल धभाई, कुलदीप कुमावत एवं मित्र मंडल द्वारा समाज के अध्यक्ष राजमल कसेरा का साफा बांधकर सम्मान किया गया। वहीं उपाध्यक्ष कमलेश कसेरा, राकेश कसेरा, सचिव संजय कसेरा एवं कोषाध्यक्ष राजेश कसेरा को शाल ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के ललित कसेरा, विनोद कसेरा, विनायक पांचाल, सुरेश पांचाल, व्यापारी सुरेंद्र मेहता सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

> **मंच पर इनका किया सम्मान**
>
> इस दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, पार्षद विशाल धभाई, कुलदीप कुमावत एवं मित्र मंडल द्वारा समाज के अध्यक्ष राजमल कसेरा का साफा बांधकर सम्मान किया गया। वहीं उपाध्यक्ष कमलेश कसेरा, राकेश कसेरा, सचिव संजय कसेरा एवं कोषाध्यक्ष राजेश कसेरा को शाल ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# बैंक ऑडिट पर कार्यशाला

**रतलाम।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की छात्र शाखा सीकासा (सीआईसीएएसए) रतलाम द्वारा स्थानीय शाखा भवन पर सीए विद्यार्थियों के लिए 'बैंक ब्रांच ऑडिट' पर एक विशेष शैक्षणिक सत्र आयोजित किया गया। वर्तमान में बैंकों के ऑडिट सत्र को देखते हुए आयोजित इस सेमिनार में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। वक्ता सीए हंसा माहेश्वरी,अमित वच्छानी ने महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। सम्मान सीए आकाश मित्तल, सौरभ कोठारी और शगुन बड़जात्या ने किया। निधान संघवी, महावीर खाबिया, कृष कोठारी, दक्ष बोकाडिया, मीत छाजेड़, खुशी गंगवाल सहित अन्य सीए छात्र उपस्थित रहे।

# 5 लाख की ड्रग्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। दीनदयाल नगर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से करीब 5 लाख रुपये मूल्य की एमडी बरामद की गई है। दीनदयाल नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव ने बताया कि बुधवार रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति संदिग्ध मादक पदार्थ के साथ क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 26 वर्षीय ईश्वर पिता पुनिया उर्फ पूना निनामा, निवासी खेतलपुर को मुखबिर के बताए स्थान भील धर्मशाला, बाजना बस स्टैंड से हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5 लाख रुपये आंकी गई है।

**न्यायालय ने भेजा 3 दिन की रिमांड पर:** पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। मामले की गंभीरता और ड्रग्स के स्रोत का पता लगाने के लिए न्यायालय ने आरोपी को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। शुरुआती पूछताछ में आरोपी ईश्वर ने स्वयं नशे का आदी होना और एमडी का सेवन करना स्वीकार किया है। हालांकि, पुलिस आरोपी से ड्रग्स के स्रोत का पता करने में जुटी है। जिससे शहर में ड्रग्स सप्लाई के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया सके।

# झंडावंदन के साथ आज से शुरू होगा महावीर जयंती महोत्सव



**जावरा।** श्री संयुक्त जैन महावीर जयंती उत्सव समिति द्वारा मनाए जाने वाले जन्मकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ आज 28 मार्च को झंडावंदन से प्रातः 11 बजे पीपली बाज़ार में संपन्न होगा।

अध्यक्ष अभय कोठारी, महासचिव शिखर धारीवाल कोषाध्यक्ष कैलाश बारोड ने देते हुए बताया की दोपहर 3 बजे सागर साधना सदन मे रांगोली प्रतियोगिता होगी। रात्री 8 बजे जैन सोशल ग्रुप द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम होगे। 29 मार्च को प्रातः 7 बजे चन्दा प्रभु दिगम्बर मंदिर शास्त्री कालोनी से प्रभात फेरी निकलेगी। संयोजक अतुल मेहता, वीरेन्द्र सेठिया, महिला समिति की अर्चना कर्नावट, आभा ठोरा, अंशु श्रीमाल,पायल पोखरना ने बताया की प्रभात फेरी के साथ नवकारसी शंखेश्वर पार्श्वनाथ मन्दिर पर रखी गई है साथ ही तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता एवं धार्मिक ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी दोपहर 3 बजे सागर साधना भवन सोमवारिया मे संपन्न होगी। रात 8 बजे धार्मिक अंताक्षरी एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन होगा। जिसका संयोजन श्रीमती शशि तलेसरा, विनिता विनायका, पल्लवी ओस्तवाल करेगी। 30 को नगर मे प्रभात फेरी पीपली बाज़ार पंचायती नोहरा से निकलेगी। संयोजक सुभाष टुकडिया, सुभाष डुंगरवाल, पारस सकलेचा, प्रकाश जैन पटवारी, चित्रा ओस्तवाल, प्रमिला धारीवाल, प्रियंका चोरडिया, प्रियंका जैन, प्रिया गंगवाल ने बताया कि नवकारसी का आयोजन प्रातः 9 बजे सोमवारिया सागर साधना भवन मे रखा गया है। गवली बनाओ दीप सजाओ प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे होगी रात्री 8 बजे फेन्सी ड्रेस एवं वीर गुणगान का आयोजन होगा। चेतना माण्डोत, दीपाली चपडोद, मोनिका पावेचा, सपना चपडोद, प्रिया गंगवाल कायक्रमों का संयोजन करेगी। श्री सयुक्त जैन महावीर जयंती उत्सव समिति के संरक्षक मदनलाल धारीवाल, नगीनचंद सकलेचा, धरमचन्द चपडोद, चन्द्रप्रकाश ओस्तवाल, उपाध्यक्ष विजय आंचलिया, पारस कांठेड, हिम्मत गंगवाल, राजेश बरमेचा, अजय सकलेचा, शेखर नाहर, ललित भण्डारी, प्रचार सचिव अभय कांठेड,रवि दुग्गड, डां सीएम. मेहता, सरदारमल धारीवाल, डां. सुरेश मेहता, प्रदीप सेठिया, यतिन्द्र सकलेचा, केसी जैन, पारस छाजेड, निलेश धारीवाल आयोजनों में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की।

# शिशु मंदिर का 5वीं और 8वीं का बोर्ड परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**जावरा।** सरस्वती शिशु मंदिर का कक्षा 5वीं और 8वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। भैया-बहिन प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 8 वीं के प्रथम पाँच मेधावी छात्रों में वेदांशी गवली 92.33 प्रतिशत प्रथम, रितिका जटिया 90.5 प्रतिशत द्वितीय, सुहानी रैकवार 90.33 तृतीय, अनामिका गेहलोत 89.66 चतुर्थ, कृष्णा दायम 88.66 पंचम एवं गर्विका सोलंकी ने 88.66 के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 5 वीं के प्रथम पाँच मेधावी छात्रों में लक्ष्मी राठौड़ 86.5 प्रथम, प्रियल जैलवाल 85.25 द्वितीय, अदिति मकवाना 85 तृतीय, वेदांश सोलंकी 84.75 चतुर्थ एवं पूर्वा साहू ने 83.5 के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। विवेक भारती शिक्षण समिति एवं विद्यालय परिवार द्वारा सभी भैया-बहनों को बधाई दी गई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

**एक नजर में** ▸ प्राचीन शिव शक्तिपीठ हिंगलाज माता मंदिर तक जाने वाला मार्ग कच्चा

# आस्था का रास्ता मुश्किल...शक्तिपीठ तक पहुंचना बना चुनौती

**नवभारत न्यूज**

**नामली।** मां के मंदिरों में सबसे बड़े शक्तिपीठों में से एक माने जाने वाले हिंगलाज माता शक्तिपीठ बलुचीस्थान (पाकिस्तान) की तरह ही रतलाम जिले में भी एक प्राचीन शिव शक्तिपीठ स्थित है, जहां माता हिंगलाज के रूप में विराजित हैं। पवित्र स्थल नामली से सेमलिया होते हुए गुणावद गांव के समीप मलेनी नदी के तट पर स्थित है।

जानकारी के अनुसार यह शिव शक्तिपीठ लगभग 600 से 700 वर्ष पुराना है और इसका निर्माण रियासत काल में हुआ था। यहां स्थित शिव मंदिर पिरामिड आकार में निर्मित है, जो इसकी प्राचीनता को दर्शाता है। मंदिर परिसर में आज भी प्राचीन संरचनाएं, भगवान गणेश की प्रतिमा एवं अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां तथा उनके अवशेष देखने को मिलते हैं, जो इस स्थल को धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाते हैं।

मंदिर से जुड़ी एक विशेष मान्यता भी प्रचलित है। यहां स्थापित दो स्तंभों के बीच से निकलने पर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वहीं माता हिंगलाज के दर्शन से सभी कष्टों से मुक्ति मिलने और सुहागन महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होने की श्रद्धा है।

यह शिव शक्तिपीठ रियासत काल से गोस्वामी समाज के मठ के रूप में भी जाना जाता है और गुणावद गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर के आसपास का प्राकृतिक दृश्य भी अत्यंत मनमोहक है—एक ओर ऊंची पहाड़ी पर स्थित मंदिर और दूसरी ओर बहती मलेनी नदी का शांत वातावरण श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक सुकून प्रदान करता है।

हालांकि इतनी धार्मिक महत्ता होने के बावजूद मंदिर तक पहुंचना आज भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। गुणावद गांव से मंदिर तक जाने वाला मार्ग अब भी कच्चा है, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



## ▸ प्रतिनिधि भी पहुंचे प्रशासन तक...

मंदिर के पुजारी दशरथ गिरी गोस्वामी ने कई बार जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान दे, तो यह प्राचीन शिव शक्तिपीठ भविष्य में एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है।